

# 35 लाख के खर्च से होगी सुभाष कॉम्पलेक्स की मरम्मत, आयुक्त ने निरीक्षण कर निर्देश दिए

## ई निविदा के माध्यम से प्राप्त होकर पारदर्शी आंवटन होगा

**रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क**

शहर के सबसे व्यस्ततम और मुख्य क्षेत्र में स्थित सुभाष शॉपिग की 99 दुकानों को नगर निगम के ई टेंडर के माध्यम से आगामी दिनों नीलाम करने जा रहा है। इस नीलामी को लेकर रतलाम शहर सहित अन्य नगरों के व्यापारी व खरीदारी भी रुचि दिखा रहे है। कुछ समय पूर्व निर्मित इस मार्केट की दुकानो व छत बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन यहां लगभग 35 लाख रुपए की लागत से मरम्मत कार्य भी शुरु करवा चुका है।

सुभाष शॉपिग कॉम्पलेक्स में स्थित दुकानों की नीलामी के पूर्व पूरे मार्केट को नया स्वरुप देने के लिए कार्य की शुरुवात हो चुकी है। बुधवार दोपहर आयुक्त ने पूरे मार्केट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है।

सुभाष मार्केट की दुकानों की नीलामी ई निविदा के माध्यम से प्राप्त होकर पारदर्शी आंवटन होगा। यहां अचल संपत्ति अन्तरण नियम 2016 व संशोधित नियम 2021 के तहत आवंटन की कार्रवाही की जाएगी। यहां की दुकानों के लिए 30 वर्ष की लीज या 10 वर्ष की लीज राशि एक मुश्त जमा कराए जाने पर फ्री होल्ड का प्रावधान भी रखा गया है। इसके साथ ही दुकानों पर किसी तरह का किराया नही रहेगा। व्यस्थित पार्किंग वाले इस मार्केट के समीप ही फोरलेन,बस स्टेण्ड परिसर सहित मार्केट में लिफ्ट का प्रावधान भी रखा गया है।

शहर के सबसे बड़े इस मार्केट में 99 दुकानों का विक्रय किया जाना है। नीलामी के दौरान आरक्षण प्रक्रिया भी लागू की जाएगी। इसी मार्केट में नगर निगम का कार्यालय भी खोला गया है। जहां इच्छुक खरीदार आकर निविदा की प्रक्रिया,आरक्षण और नियम व शर्तो की जानकारी ले सकते है,साथ ही यहां ई निविदा प्रक्रिया के चलते कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था की गई ताकि इच्छुक खरीदार यहां से भी ई निविदा दर्ज करा सकते हैं। शहर के व्यस्ततम मार्केट की दुकानों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए रतलाम शहर सहित इन्दौर, बडनगर, बदनावर, उज्जैन, खाचरौद सहित आसपास के नगरों के व्यापारी भी दुकानों से जुड़ी जानकारी लेकर नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक है।

बुधवार को आयुक्त ने मार्केट के निरीक्षण के दौरान यहां छत की मरम्मत, सफाई, पानी की व्यवस्था, समीप के नाले की सफाई, पर्याप्त बिजली व्यवस्था, दुकानों के टूटे शटरों की मरम्मत सहित आसपास की सरकारी जमीन पर काबिज अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है।

राज एक्सप्रेस 17/09/21

## निगम आयुक्त झारिया ने किया सुभाष शॉपिंग काम्पलेक्स का निरीक्षण

# 35 लाख की लागत से संवरेगा, सुभाष शापिग काम्पलेक्स मार्केट

**प्रसारण न्यूज ◆ रतलाम**



शहर के सबसे व्यस्ततम और मुख्य क्षेत्र में स्थित सुभाष शापिग की 99 दुकानों को नगर निगम के ई टेंडर के माध्यम से आगामी दिनों नीलाम करने जा रहा है। इस नीलामी को लेकर रतलाम शहर सहित अन्य नगरों के व्यापारी व खरीदारी भी रुचि दिखा रहे है। कुछ समय पूर्व निर्मित इस मार्केट की दुकानो व छत बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन यहां लगभग 35 लाख रुपए की लागत से मरम्मत कार्य भी शुरु करवा चुका है।

सुभाष शॉपिग काम्पलेक्स में स्थित दुकानों की नीलामी के पूर्व पूरे मार्केट को नया स्वरुप देने के लिए कार्य की शुरुवात हो चुकी है। बुधवार दोपहर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पूरे मार्केट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है।

सुभाष मार्केट की दुकानों की नीलामी ई निविदा के माध्यम से प्राप्त होकर पारदर्शी आंवटन होगा। यहां अचल संपत्ति अन्तरण नियम 2016 व संशोधित नियम 2021 के तहत आवंटन की कार्रवाही की जाएगी। यहां की दुकानों के लिए 30 वर्ष की लीज या 10 वर्ष की लीज राशि एक मुश्त जमा कराए जाने पर फ्री होल्ड का प्रावधान भी रखा गया है। इसके साथ ही दुकानों पर किसी तरह का किराया नही रहेगा।

व्यस्थित पार्किग वाले इस मार्केट के समीप ही फोरलेन,बस स्टेण्ड परिसर सहित मार्केट में लिफ्ट का प्रावधान भी रखा गया है।

शहर के सबसे बड़े इस मार्केट में 99 दुकानों का विक्रय किया जाना है। नीलामी के दौरान आरक्षण प्रक्रिया भी लागू की जाएगी। इसी मार्केट में नगर निगम का कार्यालय भी खोला गया है। जहां इच्छुक खरीदार आकर निविदा की प्रक्रिया, आरक्षण और नियम व शर्तों की जानकारी ले सकते है, साथ ही यहां ई निविदा प्रक्रिया के चलते कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था की गई ताकि इच्छुक खरीदार यहां से भी ई निविदा दर्ज करा सकते हैं।

शहर के व्यस्ततम मार्केट की दुकानों की नीलामी में हिस्सा लेने के लिए रतलाम शहर सहित इन्दौर, बडनगर, बदनावर, उज्जैन, खाचरौद सहित आसपास के नगरों के व्यापारी भी दुकानों से जुड़ी जानकारी लेकर नीलामी में हिस्सा लेने के इच्छुक है। प्रसारण

आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने मार्केट के निरीक्षण के दौरान यहां छत की मरम्मत, सफाई, पानी की व्यवस्था, समीप के नाले की सफाई, पर्याप्त बिजली व्यवस्था, दुकानों के टूटे शटरों की मरम्मत सहित आसपास की सरकारी जमीन पर काबिज अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए है।

इस मौके पर सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री जी. के. जायसवाल, सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम कुमार सोनी, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा आदि उपस्थित थे।

प्रसारण 17/9/21

# 35 लाख की लागत से संवरेगा सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स मार्केट

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

शहर के सबसे व्यस्ततम और मुख्य क्षेत्र में स्थित सुभाष शॉपिंग की 99 दुकानों को नगर निगम के ई टेंडर के माध्यम से आगामी दिनों नीलाम करने जा रहा है। इस नीलामी को लेकर रतलाम शहर सहित अन्य नगरों के व्यापारी व खरीदारी भी रूचि दिखा रहे है। कुछ समय पूर्व निर्मित इस मार्केट की दुकानों व छत बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन यहां लगभग 35 लाख रुपए की लागत से मरम्मत कार्य भी शुरू करवा चुका है। महू रोड बस स्टैंड स्थित सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में स्थित दुकानों की नीलामी के पूर्व पूरे मार्केट को नया स्वरूप देने के लिए कार्य की शुरुआत हो चुकी है। बुधवार दोपहर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने पूरे मार्केट का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। सुभाष मार्केट की दुकानों की नीलामी ई निविदा के माध्यम से प्राप्त होकर पारदर्शी आवंटन होगा। यहां अचल संपत्ति अन्तरण नियम 2016 व संशोधित नियम 2021 के तहत आवंटन की कार्रवाई की जाएगी। यहां की दुकानों के लिए 30 वर्ष की लीज या 10 वर्ष की लीज राशि एक मुश्त जमा कराए जाने पर फ्री होल्ड का प्रावधान भी रखा गया है। इसके साथ ही दुकानों पर किसी तरह का किराया नहीं रहेगा।

व्यस्थित पॉर्किंग वाले इस मार्केट के समीप ही फोरलेन, बस स्टैंड परिसर सहित मार्केट में लिफ्ट का प्रावधान भी रखा गया है। शहर के सबसे बड़े इस मार्केट में 99 दुकानों का विक्रय किया जाना है। नीलामी के दौरान आरक्षण प्रक्रिया भी लागू की जाएगी। इसी मार्केट में नगर निगम का कार्यालय भी खोला गया है। जहां इच्छुक खरीदार आकर निविदा की प्रक्रिया, आरक्षण और नियम व शर्तों की जानकारी ले सकते है, साथ ही यहां ई निविदा प्रक्रिया के चलते कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था की गई ताकि इच्छुक खरीदार यहां से भी ई निविदा दर्ज करा सकते हैं।

स्वदेश

स्वदेश 17/9/21

सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लैक्स

# पत्रिका की खबरों के बाद पहुंचे आयुक्त, गंदगी कायम

फॉलोअप




पत्रिका

प्रकाशित खबर।



**रतलाम.** शहर के महू रोड स्थित सुभाष शॉपिंग कॉम्प्लैक्स में नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के दो दिन से जारी दलबल के निरीक्षण के बाद भी गंदगी कायम है। इस स्थान पर फिलहाल निगम द्वारा रेन बसेरा चलाया जा रहा है। ऐसे में जब इसको बिक्री की योजना बना रहे है, तब उन लोगों के लिए फिलहाल निर्णय नहीं हुआ है कि जो लोग रेन बसेरा में आते है, वे कहां जाएंगे।

महू रोड स्थित सुभाश शापिंग काम्पलेक्स को नया स्वरुप देने के लिए आयुक्त झारिया ने पहले बुधवार व इसके बाद गुरुवार को भी निरीक्षण किया। हालांकि योजना अनुसार आमजन को इसको खरीदने के लिए प्रेरित करने पर काम चल रहा है। ऐसे में यह तय नहीं है कि जब पहले से जो कीमत तय करके शहर के लोगों को बताई जा रही है बाद में टेंडर होने पर अधिक बोली लगी तो कम कीमत पर निगम इसको किस तरह से देगी।

निगम आयुक्त ने मार्केट के कोने-कोने का निरीक्षण तो किया, लेकिन जो कचरे के ढेर से लेकर गंदगी कायम है, उसको साफ नहीं करवा पाए है। मौखिक निर्देश तो जारी किए गए, लेकिन खड़े रहकर काम करवाने में अधिकारी असफल साबित हो रहे है। हालांकि पत्रिका की खबर के बाद टूटे हुए शटर को बदलने को कहा गया है। आयुक्त ने बताया कि शहर के सबसे बड़े इस मार्केट में पार्किंग की पर्याप्त सुविधा है, इसके साथ ही समीप की एक बड़ी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर वहां भी पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि चार पहिया सहित अन्य बड़े वाहनों को यहां खड़ा किया जा सके। कार्यपालनयंत्री जीके जायसवाल, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, ब्रजेष कुशवाह, जनसंपर्क कार्यालय के कर्मचारी शैलेंद्र गोठवाल आदि उपस्थित थे।

पत्रिका 17/09/21

**मांग पूरी नहीं होने पर लिया निर्णय**

# 'द्वारका' अब रेल कर्मचारी करेंगे आंदोलन

**मनमर्जी का निर्माण**

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**



**रतलाम @ पत्रिका.** द्वारका रेसीडेंसी निर्माण के समय जो वादा रेल कर्मचारियों से किया गया था, वो पूरा अब तक नहीं हुआ है। अब इस मामले में सैलाना यार्ड के रहवासी आंदोलन करने की तैयारी कर रहे है। इसके लिए वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन संगठन के नेताओं की शरण में यार्ड के कर्मचारी गए है।

बता दे कि द्वारका रेसीडेंसी निर्माण के समय रास्ते पर पक्का निर्माण करने की सुविधा देने का वादा किया गया था। रास्ता तो पक्का किया गया, लेकिन वो अतिक्रमण वाली भूमि पर किया। हालांकि इस अतिक्रमण को तोड़ने के बजाए नगर निगम ने सीमा रेखा ही बांध दी। द्वारका रेसीडेंसी के बाहर लोहे के एंगल लगा दिए। इसके अलावा अन्य मांग पर तो विचार ही नहीं किया गया। इसलिए ही अब स्थानीय रहवासियों ने आंदोलन की योजना बनाई है। इस योजना अंतर्गत यूनियन की शरण में पहुंचे है। अब यूनियन इस मामले में मंडल रेल प्रबंधक विनीत गुप्ता से चर्चा करेगी।

## इसलिए गए यूनियन के करीब

असल में स्थानीय रहवासियों के लिए सबसे पहले यूनियन ने ही आवाज उठाई। मंडल मंत्री मनोहर बारठ से चर्चा के बाद सहायक मंडल मंत्री नरेंद्रसिंह सोलंकी ने कर्मचारियों के लिए आवाज उठाई थी। इसके बाद ही कर्मचारियों ने निर्णय लिया है कि वे यूनियन के पास अपनी समस्या को लेकर जाएंगे। इसके लिए शनिवार का दिन तय किया गया है।

पत्रिका 17/9/21

# चार नए मरीज मिले, सेमलिया के हर घर में लार्वा

## बालक की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया सर्वे



सेमलिया में सर्वे के दौरान गमले में लार्वा पाया गया। ●नईदुनिया



एलाइजा मशीन का इंस्टालेशन के बाद डाक्टर व टेक्नीशियन को प्रशिक्षण देते हुए सर्विस इंजीनियर। ●नईदुनिया




मंडी समिति कार्यालय के मुख्य द्वार के बाहर जमा हो रहा बारिश का पानी। ●नईदुनिया

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** कोरोना की तीसरी लहर के डर के बीच जिलों में डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। गुरुवार को भी एलाइजा टेस्ट की बीस रिपोर्ट में चार नए मरीज मिलने के बाद जिले में अब डेंगू के 309 मरीज मिल चुके हैं। जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पताओं में लगातार मरीज बढ़ रहे हैं।

रतलाम की स्थिति प्रदेश में तीसरे स्थान पर है और जिला डेंगू का हाट स्पाट बनता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के जानकारों की मानें तो सरकारी आकड़ों से दोगुना लोग डेंगू से प्रभावित हो चुके हैं। इस बार शहर से गांव तक डेंगू के मरीज मिल रहे हैं। डेंगू नियंत्रण के लिए जागरुकता अभियान के साथ फीवर सर्वे और फागिंग तेजी से चल रही है, इसके बावजूद रोज नए मरीज मिल रहे हैं।

### मेडिकल कालेज में होगा डेंगू का एलाइजा टेस्ट

**रतलाम।** बंजली स्थिति शासकीय मेडिकल कालेज में अब डेंगू का एलाइजा टेस्ट होगा। गुरुवार को माइक्रोबायोलाजी लैब में एलाइजा मशीन का इंस्टालेशन हो गया और सोमवार से जांच शुरू हो जाएगी। डेंगू के अलावा चिकनगुनिया के सैंपल की जांच प्रमुखता से होगी। मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि एलाइजा मशीन के सर्विस इंजीनियर ने मशीन के साफ्टवेयर की ट्रेनिंग डाक्टर एवं टेक्निशियन को दे दी है। लैब में डेंगू जांच की किट भी प्राप्त हो गई और कुछ अन्य जरूरतों को दो-तीन दिन में पूरा कर लिया जाएगा। माइक्रोबायोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. प्रफुल्ल सोनगरा की देखरेख में सोमवार से डेंगू की जांच शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही डेंगू के मरीजों के उपचार के लिए अब 200 बेड का इंतजाम कर लिया गया है। जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़ने के कारण एलाइजा मशीन से जांच चालू की जा रही है, ताकि समय पर सही उपचार दिया जा सके। मालूम हो कि अभी जिले में केवल जिला अस्पताल में डेंगू का एलाइजा टेस्ट की सुविधा है।

जिले में दो ऐसे लोगों की मौत भी हो चुकी है, जिनकी एंटीजन रिपोर्ट पाजिटिव थी। सेमलिया गांव के एक 12 वर्षीय बालक की गत दिवस उज्जैन में मौत हुई थी। इस घटना के बाद सेमलिया गांव में घर-घर सर्वे शुरू हो गया है। गुरुवार को सर्वे के दौरान हर घर में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया जा रहा है। छह बुखार के मरीज मिले, जिनका अलग-अलग निजी अस्पतालों में उपचार चल रहा है। मृतक बालक के घर एवं आसपास एक भी बुखार या डेंगू का मरीज नहीं मिला है। घर में भी कोई बुखार से पीड़ित नहीं है।

जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि सेमलिया में 480 घर और 4950 की आबादी है। यहां पानी की नल जल सप्लाई नहीं है। लोग टंकियों में पानी भर कई दिन तक रखते हैं। इस कारण हर घर में लार्वा मिल रहा है। बालक की मौत के बाद लोगों में गुस्सा था। तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में सबको समझाया गया तब मामला शांत हुआ।

### मंडी कार्यालय के मुख्य द्वार पर जमा हो रहा बारिश का पानी

**रतलाम।** महू नीमच रोड कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय के सामने बारिश का पानी जमा होने से किसानों व व्यापारियों को परेशानी हो रही है। घुटने भर पानी पार करके कार्यालय में जाना पड़ता है। वाहनों से आने-जाने वाले तो मुख्य द्वार तक बच कर निकल रहे हैं, लेकिन पैदल जाने वाले को पानी के अंदर से ही गुजरना पड़ता है। लगातार पानी जमा होने से गंदगी और डेंगू मच्छर का लार्वा पैदा होने का खतरा भी बढ़ गया है। मंडी प्रशासन पर इसका कोई असर नहीं है। मंडी में निर्माण एवं मरम्मत के लिए अलग विभाग है। इसके लिए बजट भी रहता है, लेकिन विभागीय अधिकारियों की अनेदखी के कारण समस्या यथावत है। यहां के व्यापारियों ने बताया कि पिछले कई साल से बारिश में यही हाल रहते हैं।

नईदुनिया 17/9/21

# र में 2.36 इंच बारिश : सितंबर का अब तक का कोटा पूरा, हनुमान ताल ओवरफ्लो



लाम | मानसून का कोटा पूरा होने की चिंता अब दूर होती दिख रही है। ाहर में रातभर में 60 मिमी यानी 2.36 इंच बारिश दर्ज की गई जो कि प्रदेश में दूसरे नंबर पर है। रातभर की बारिश में मंडला प्रदेश में पहले नंबर पर रहा, वहां 4.33 इंच बारिश दर्ज की गई। लगातार बारिश के ारण हनुमान ताल लबालब हो गया है। यह ताल सुबह ओवरफ्लो होकर बहने लगा, जिसे देखने कई लोग पहुंचे। **फोटो - चिंटू मेहता**

**आगे क्या... 0.30 मीटर पानी और पहुंचा तो धोलावड़ के गेट खोलेंगे** - बुधवार शाम तक धोलावड़ डेम का लेवल 394.20 मीटर पर आ गया। क्षमता 395 मीटर है। ऐसे में लगातार बारिश की स्थिति बनी तो 394.50 मीटर पर डेम के गेट खोले जा सकते हैं। गुरुवार को इसक तैयारियां भी की गई। अधिकारी व कर्मचारी डैम पर पहुंचे।

**मौसम... दिन व रात के तापमान में सिर्फ 4.6 डिग्री का अंतर**
सुबह 8.30 बजे से शाम 5.30 बजे तक 11 मिमी बारिश दर्ज की गई। लगातार बारिश के कारण दिन और रात के तापमान में सिर्फ 4.6 डिग्री का अंतर रहा गया। अधिकतम तापमान 28.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री दर्ज किया गया। बुधवार को अधिकतम 31.2 डिग्री व न्यूनतम तापमान 24.2 डिग्री रहा था।

भास्कर

**आज... बारिश के आसार** - मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक शुक्रवार को भी बारिश के आसार बने रहेंगे। हालांकि, गतिविधि में थोड़ी कमी आएगी, लेकिन अभी मध्यम बारिश जारी रहेगी। इसके बाद एक और सिस्टम बनेगा, उससे भी बारिश की संभावना है।

दैनिक भास्कर 17/9/21

## वृंदावन बेकरी और व्यास बेकरी जाकर की जांच, खाद्य सामग्री के सैंपल लिए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने गुरुवार को कार्रवाई की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा एवं प्रीति मंडोरिया ने दुकानों पर पहुंच सैंपल लिए। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा ने बताया मां भगवती रेस्टोरेंट, सैलाना रोड से बूंदी का लड्डू, राठौड़ रेस्टोरेंट, सैलाना रोड से बूंदी का लड्डू, मां आशापुरा रेस्टोरेंट, श्रीराम मंदिर से बूंदी का लड्डू, वृंदावन बेकरी, सज्जन मिल रोड से केक, व्यास बेकरी, सैलाना बस स्टैंड से टोस्ट न्यू गुरुनानक बैकर्स, न्यू रोड से खारी के सैम्पल लिए।

भास्कर

दै. भास्कर 17/9/21

## यूनिफार्म नहीं पहनने पर वेतन काटा

**रतलाम।** नगर निगम के लोक निर्माण विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी मोहित सोनी का गुरुवार को कर्तव्य स्थल पर यूनिफार्म में उपस्थित नहीं रहने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिन का वेतन काटा गया। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए गए।

नईदुनिया

नईदुनिया 17/9/21

## जानिए शहर में टीकाकरण कहां

**रतलाम** | 17 सितंबर को नरेंद्र मोदी के जन्म दिन के उपलक्ष्य में बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जिलेभर में कई केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान लोगों को पहले एवं दूसरे डोज के टीके लगाए जाएंगे।

| केंद्र | डोज |
|---|---|
| कंकू मंत्रम, गांधीनगर | 400 |
| रामकला सभागृह, लक्ष्मणपुरा | 600 |
| प्रिंस पैलेस, साक्षी पेट्रोल पंप के पास | 600 |
| जवाहर नगर, आंबेडकर हॉल | 600 |
| कम्युनिटी हॉल, अलकापुरी | 900 |
| रेडक्रॉस भवन, विरीयाखेड़ी | 800 |
| काश्यप सभागृह, सागोद रोड | 900 |
| राधाकृष्ण स्कूल, दीनदयाल नगर | 600 |
| नरसिंह वाटिका, सिलावटों का वास | 600 |
| मानस भवन, मोतीनगर | 500 |
| जमातखोना, शेरानीपुरा | 800 |
| घटला अस्पताल, जावरा रोड | 400 |
| कालिका माता धर्मशाला | 600 |
| माहेश्वरी धर्मशाला, कसारा बाजार | 600 |
| आईएमए हॉल, राजेंद्र नगर | 600 |
| ब्राहम्णों का वास | 600 |
| डीआरएम ऑफीस, दो बत्ती | 600 |
| राजपूत बोर्डिंग, शास्त्री नगर | 600 |
| डीआरपी लाइन, आनंद कॉलोनी | 600 |
| मांगलिक भवन, सुभाष नगर | 400 |
| उत्कृष्ट स्कूल, सागोद रोड | 500 |
| मांगलिक भवन, दिलीप नगर | 500 |
| शासकीय स्कूल, डोसीगांव | 500 |
| मोहन टॉकीज | 600 |
| बोहरा बाखल, कम्युनिटी हॉल | 600 |
| बोधी स्कूल, डोंगरे नगर | 500 |
| ज्योति स्कूल, तेजा नगर | 500 |
| लायंस हॉल | 500 |
| काजी खान मस्जिद जावरा रोड | 500 |
| नयापुरा मदरसा | 500 |
| माणक चौक स्कूल | 500 |
| सरस्वती स्कूल, अमृत सागर | 500 |
| गुरु रामदास, स्कूल | 500 |
| सरस्वती स्कूल, काटजू नगर | 500 |
| सब्जी फरोश जमातखाना | 500 |

(नोट -अधिकारियों के मुताबिक वैक्सीन की संख्या बढ़ा भी सकते है।)

दै. भास्कर 17/9/21

एक दिन का महाअभियान

## आज 32 लाख 90 हजार लोगों को टीके का लक्ष्य

**भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** प्रदेश में शुक्रवार को कोरोना से बचाव का टीका लगाने के लिए एक दिन का महाअभियान चलेगा। इसमें पूरे प्रदेश में 32 लाख 90 हजार लोगों को टीके की पहली और दूसरी डोज लगाने का लक्ष्य है।

टीका लगवाने के लिए पहले से कोविन पोर्टल पर आनलाइन बुकिंग करने की बाध्यता नहीं रहेगी। हां, पहले से कोई बुकिंग करके आता है तो उसे सुविधा होगी। टीकाकरण केंद्र में सिर्फ आनलाइन बुकिंग का मैसेज दिखाना होगा। राज्य टीकाकरण अधिकारी डा. संतोष शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में अभी तक चार करोड़ 30 लाख लोगों को पहली और दोनों डोज एक करोड़ छह लाख लोगों को लग चुकी हैं। 18 साल से ऊपर के पांच करोड़ 48 लाख लोगों को टीका लगाया जाना है। करीब 11 लाख लोगों को दूसरी डोज लगवाने का समय निकल चुका है।

नईदुनिया 17/9/21

## पीएम मोदी का 71वां जन्मदिन आज, 1.5 करोड़ टीकाकरण का लक्ष्य



**नई दिल्ली** | प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिन पर शुक्रवार को भाजपा कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस दौरान देशभर में 1.5 करोड़ कोरोना टीके लगाने का अभियान चलाया जाएगा। अभियान में भाजपा के स्वास्थ्य स्वयंसेवी प्रशासन की मदद करेंगे। भाजपा 20 दिवसीय जनसंपर्क अभियान भी शुरू करेगी। भाजपा 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनके जन्मदिन को "सेवा दिवस" के रूप में मनाती आ रही है।

भास्कर

निगम के खिलाफ क्षेत्र के निवासियों ने किया डेढ़ घंटे तक चक्काजाम


# मोचीपुरा में स्कूल से आते समय खुले नाले के गड्ढे में गिरी छात्रा

पत्रिका सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम द्वारा शहर के मोचीपुरा क्षेत्र में सफाई के लिए खोदे गए नाली के गड्ढे में स्कूल से घर जाते समय गुरुवार शाम को एक छात्रा अफसाना पिता रफीक शाह गिर गई। पानी के बहाव के साथ वो बहती, उसके सिर्फ हाथ उपर रह गए, तब तक क्षेत्रीय नागरिकों ने देख लिया व छात्रा को बाहर निकाला। समय रहते अगर क्षेत्रीय नागरिक मदद नहीं करते तो बड़ा हादसा हो जाता। नगर निगम ने जो नाला सफाई के लिए खोला था, उसको बंद करना ही भूल गए। इससे यह घटना हुई है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों को सूचना दी, जब एक घंटे तक कोई अधिकारी नहीं आया तो गुस्सा बढ़ गया व जमकर नारेबाजी की।

मोचीपुरा क्षेत्र में अधूरे नाले में गुरुवार की शाम को तेज बारिश के दौरान स्कूल से घर जाते समय एक छात्रा गिर नगर निगम द्वारा सफाई के लिए खाले गए नाले के गड्डे में गिर गई। आसपास के लोगों ने आवाज सुनकर छात्रा को तुरंत ही गड्ढे से बाहर निकाला। इसके बाद रहवासियों का आक्रोश फूट पड़ा और लोगों ने पहले नगर निगम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की व इसके बाद सड़क को जाम कर दिया। इस दौरान क्षेत्रीय रहवासियों ने निगम के अधिकारियों को सूचना दी, लेकिन एक घंटे तक कोई नहीं आया। इससे लोगों की नाराजी बढ़ गई।



**कांग्रेस से सूचना मिलने पर जागे जिम्मेदार-** करीब एक घंटे तक क्षेत्रीय रहवासियों ने रोड को जाम करके रखा। इसके बाद शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया को फोन पर पूरे मामले की जानकारी दी। इसके बाद कटारिया ने आयुक्त को सूचना दी। कांग्रेस से सूचना मिलने पर नगर निगम के सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल सहित अन्य अधिकारी पहुंचे। इसी बीच पुलिस भी पहुंच गई। बाद में निगम अधिकारियों व पुलिस ने आमजन के गुस्से को शांत करने का प्रयास किया। हालांकि आंदोलन करने वाले नहीं माने व नाले को उसी समय भरने व काम पूरा करने की मांग पर अड़े रहे। बाद में निगम अधिकारियों ने भरोसा दिया तब जाकर आंदोलन समाप्त हुआ।

### मौत की डुबकी के करीब

यह घटना उसी नाले के करीब हुई जिसके बारे में पत्रिका ने हाल ही में मौत की डुबकी शीर्षक से समाचार दिया था। जिम्मेदार इसके बाद भी नहीं सचेत हो रहे है। बारिश के समय गड्ढे दिखते नहीं है। ऐसे में यह घटना हुई।

पत्रिका 17/9/21

## चार फीट के गड्ढे में गिरी छात्रा, लोगों ने बचाया

रतलाम | मोचीपुरा में गुरुवार शाम को बारिश के दौरान 12 वर्षीय छात्रा पैर फिसलने से सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। आसपास के दुकानदारों ने उसे बचाया।



कन्या शाला हाथीखाना में छठी की छात्रा अफसाना पिता राशिद शाह (12) निवासी लक्ष्मीनगर गुरुवार शाम को स्कूल से घर जा रही थी। सड़क पर पानी भरा होने से उसे गड्ढा नहीं दिखा और 4 फीट के गड्ढे में गिर गई। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने कहा नाले की खुदाई करवाकर अंडरग्राउंड पाइप डलवाएंगे।

# मध्यप्रदेश में टीकाकरण महाअभियान-3 आज

## सीएम ने लोगों से की सहभागिता की अपील

भोपाल, (प्रसं)। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को चलाए जा रहे टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने प्रदेशवासियों से सहभागिता की अपील की है। अभियान में एक दिन में 20 लाख से अधिक डोज लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अगर इस बार प्रदेश में 10 लाख से अधिक डोज लगाए गए तो फिर नया रिकार्ड बन जाएगा। मुख्यमंत्री चौहान ने सभी से 17 सितंबर को टीकाकरण अभियान -03 को दौरान अपने परिवर के सदस्य, मित्र, परिचितों को केंद्र पर लाकर टीका लगवाने की अपील की है। प्रदेश में कुल पांच करोड़ 49 लाख में से अब एक करोड़ 19 लाख 27 हजार 933 पात्र शेष रह गए हैं। सरकार के टीकाकरण महाअभियान -3 को सफल बनाने के लिए 16 सितंबर की शाम कों घर-घर पर निमंत्रण दिया गया है। हर 50 घर के लिए एक दल बनाया गया है। दल के स्दस्यों ने घर-घर जाकर मुखिया को स्वंय और परिवर के अन्य सदस्यों को 17 तारीख टीका लगावाने के लिए केंद्र तक आने का आग्रह किया है।

राज एक्सप्रेस 17/9/21

वैक्सीनेशन महाअभियान

# आज शहर में 35 सेंटरों पर 25 हजार को टीके का लक्ष्य

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में आज बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। शहर में 35 सेंटरों पर 25 हजार वैक्सीन लगाने की तैयारी कर ली गई है। एक सेंटर से दूसरे सेंटर के बीच आधा-आधा किमी की दूरी रखी गई है, ताकि लोगों को परेशानी ना हो। यहां लोग पहुंचकर पहला और दूसरा डोज लगवा सकते हैं। इधर, वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने के लिए गुरुवार को दिनभर अधिकारी प्लानिंग में जुटे रहे। वहीं, जिले में 300 स्थानों पर वैक्सीन लगाई जाएंगी, 66,620 डोज लगाने की तैयारी है।

## फरियाल के बाद भी लगवा सकते है टीका

आज डोल ग्यारस भी है। कई लोग इस दिन उपवास रखते हैं। शहर प्रभारी लोकेश वैष्णव ने बताया उपवास रखने वाले लोग भी वैक्सीन लगवा सकते हैं। वे केंद्र पर फलाहार या फरियाल करने के बाद पहुंचे।

भास्कर

दै. भास्कर 17/9/21

# आज शहर में 35 स्थानों पर होगा टीकाकरण

**रतलाम।** कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत रतलाम शहर में 17 सितंबर को महाअभियान के अंतर्गत 25 सत्र स्थल निर्धारित किए गए थे। इनके अलावा 10 अतिरिक्त सत्र स्थल बनाए गए हैं। इस प्रकार शुक्रवार को शहर में 35 सत्र स्थल पर वैक्सीनेशन होगा, जहां वैक्सीनेशन के दूसरे डोज लगाए जाएंगे।



एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि शहर में जिन नागरिकों ने 25 जून या उससे पहले पहला डोज लगवा लिया है वे दूसरे दोस्त के लिए ड्यू हो चुके हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया है कि 35 सत्र स्थलों में से कहीं पर भी पहुंच कर टीका लगवाएं।

नईदुनिया

नईदुनिया 17/9/21

स्वास्थ्य सुविधा

# मेडिकल कॉलेज में मरीजों की एलाइजा जांच भी होगी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में डेंगू के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। गुरुवार को 20 लोगों की जांच की, इसमें 4 नए केस मिले। अब मेडिकल कॉलेज में भी डेंगू की जांच की तैयारी हो गई है। कॉलेज की माइक्रोबॉयोलॉजी लैब में गुरुवार को एलाइजा मशीन का इंस्टालेशन किया। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रफुल्ल सोनगरा ने बताया सर्विस इंजीनियर ने मशीन के सॉफ्टवेयर की ट्रेनिंग डॉक्टर और टैक्निशयन को दी।



लैब को डेंगू जांच किट मिल गई है। कुछ सामान की जरूरत है, जो कि दो से तीन दिन में मिल जाएंगे। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया लैब का काम लगभग हो गया है। संभवतया आगामी सोमवार से जांच शुरू हो जाएगी।

भास्कर

दै. भास्कर 17/9/21

डेंगू का असर

# 24 घंटे में 82 मरीजों को देना पड़े प्लेटलेट्स, यह नया रिकॉर्ड

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में डेंगू के केस लगातार बढ़ रहे हैं। जिले में सिर्फ मानव सेवा समिति के ब्लड बैंक में ही प्लेटलेट्स की सुविधा है। इस ब्लड बैंक में मंगलवार को 24 घंटे में 82 यूनिट प्लेटलेट्स लोगों को दे दिए गए। अध्यक्ष मोहन मुरलीवाला ने बताया इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ है। समिति 1996 से काम कर रहा है। प्लेटलेट्स की इतनी हाई डिमांड कभी नहीं आई है।

## बच्चे की मौत के बाद सेमलिया में पहुंची टीम

**नामली |** सेमलिया में बुधवार को 12 साल के बच्चे की डेंगू से मौत का मामला सामने आया था। गुरुवार को प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति सहित अमला गांव में पहुंचा। यहां एंटी लार्वा एक्टिविटी करवाई, मलेरिया अधिकारी ने लोगों से पूछताछ की।

भास्कर

दै. भास्कर 17/9/21